The hon. Member was telling about merger. It is true that, after globalization, it has become inevitable for our banks to compete with international banks. Bank requires certainly merger, but the only thing is that as she said, if the bad debts were to be found more within three months, it cannot be because of merger as bad debts cannot get revealed in three months. If there are bad debts, they must be only because of lending made in three years or four years or six years back. So, obviously, bad debts are there with the Bank of Indore before merger and before they were taken over by the State Bank of India.

It is shared. So, in that way, this merger is genuine and it will definitely help the State Bank of Indore. If there are any grievances of the employees of the State Bank of Indore, those grievances can be taken care of and even the interests of those people who worked for 15 years on a temporary basis can also be taken care of.

With these words, I commend the hon. Minister for bringing this Amendment for consideration and passing here so that there will not be any difficulty for the functioning of the State Bank of India.

**श्री मंगनी लाल मंडल (झंझारपुर):** माननीय सभापति जी, यह जो भारतीय स्टेट बैंक (समनुंषगी बैंक) संशोधन विधेयक है, इसमें स्टेट बैंक इंदौर का अर्जन किया जा रहा है। इससे पहले भी सौराष्ट्र बैंक को अर्जित किया जा चुका है। माननीय मंत्री जी ने बिल के इंट्रोडक्शन पर जो वक्तव्य दिया, उन्होंने इसके औचित्य पर प्रकाश नहीं डाला है। जिस समय इंदौर बैंक अर्जित किया गया, उस समय उसका डिपोजिट 30,000 करोड़ रुपया था, उसकी 472 शाखांए थीं, 6500 कर्मचारी थे और बैंक घाटे में नहीं जा रहा था। इसी बारे में माननीय सुमित्रा महाजन जी बोल रही थीं कि इस बैंक के कर्मचारियों का क्या होगा? इस बैंक के अर्जन करने का क्या औचित्य है? रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वर्ष 2009-2010 में जो प्रोफाइल ऑफ बैंक्स की रिपोर्ट निकाली है, उसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बारे में कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति जिसने कारोबार किया है, उस कर्मचारी ने 6.36 करोड़ रुपये का कारोबार किया है और स्टेट बैंक ऑफ इंदौर ने 7.63 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुकाबले, स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के कर्मचारी ने प्रति कर्मचारी जो कारोबार किया है वह 1 करोड़ रुपया ज्यादा है। जब स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की यह स्थिति है तो माननीय मंत्री जी ने अपने उद्‌बोधन में इसके औचित्य पर प्रकाश क्यों नहीं डाला कि आप इसका अर्जन क्यों कर रहे हैं?

माननीय राव साहब का भाषण पूरे बैंकिंग सिस्टम पर था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कारोबार की जो लिस्ट निकली है, फर्स्ट नम्बर पर केनरा बैंक है, दूसरे नम्बर पर बैंक ऑफ बड़ौदा है, तीसरे नम्बर पर पीएनबी और चौथे नम्बर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया है। आप माइक्रो-फाइनेंसिग की बात कर रहे हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में हम आर्थिक स्वावलम्बन के लिए कार्यक्रम चलाएंगे, चाहे सेल्फ-हेल्प ग्रुप हों या दूसरे ग्रुप्स हों, उस कार्यक्रम के आधार पर आपने इन बैंकों का, जो छोटे-छोटे बैंक्स हैं, जो अच्छा काम कर रहे हैं, क्या मूल्यांकन किया है? क्योंकि पांच और छोटे-छोटे बैंक्स हैं और ये भी करीब-करीब प्रक्रियाधीन हैं, इन बैंकों का भी आप अर्जन करेंगे और स्टेट बैंक में मिलाएंगे।

महोदय, इस बैंकों की जो शाखाएं भोपाल या दूसरे शहरों में थी वे 78 थीं। सेमी-अर्बन और रुरल एरियाज में इसकी शाखाएं ज्यादा रही हैं। वर्ष 2005-2006 में 486 शाखाएं राष्ट्रीयकृत बैंकों की खोली गयीं और जिन राष्ट्रीयकृत बैंकों का राष्ट्रीयकरण वर्ष 1969 में गरीबी मिटाने के लिए, बेकारी मिटाने के लिए किया गया था उस लक्ष्य को बैंकों ने प्राप्त नहीं किया है। माननीय राव साहब भाषण देकर बैठ गये, इन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि इंट्रेस्ट रेट को माइक्रो-फाइनेंसिंग में घटाइये। इनका भाषण माननीय वित्त मंत्री साहब के सामने होना चाहिए था लेकिन बिल पर इन्होंने कर्मचारियों के बारे में और छोटे-छोटे बैंकों के दायित्व के बारे में नहीं कहा है जबकि जो एसेट्स है लाइबिलिटी है, सारी सरकार ले रही है। जो राष्ट्रीयकृत बैंक्स हैं, एक भी ब्रांच उन्होंने रूरल एरिया में नहीं खोली है जिसमें एसबीआई भी है।

मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी स्थिति को स्पष्ट करें। वर्ष 2007-2008 में 1014 शाखाएं खोली गयीं, जो राष्ट्रीयकृत बैंक हैं, जिनमें स्टेट बैंक ऑफ इंदौर नहीं है, बड़े-बड़े बैंक हैं। इन शाखाओं में से सिर्फ 69 शाखाएं आपने ग्रामीण क्षेत्रों में खोली हैं यानि 945 शाखाएं अर्बन एरिया में खोली हैं। ये शाखाएं आपके राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा खोली गयी, जब आप कहते हैं कि नई शाखाएं 2000 की जनसंख्या पर खोलेंगे। यह बात आपने पहले कही थी, अब वित्त मंत्री जी ने लक्ष्य घोषित किया है कि हम 1500 को और नेटवर्क में लाएंगे। जब माइक्रो फाइनेंसिंग पर आपका इतना जोर है, तो नई खुलने वाली 1014 शाखाओं में से केवल 69 रूरल और 945 शाखाएं अर्बन हैं। फिर वर्ष 2008-09 में 2514 शाखाओं की स्थापना राष्ट्रीयकृत बैंकों के द्वारा हुई, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भी है और जिनका कारोबार चौथे स्थान पर है, पहले स्थान पर चला गया केनरा बैंक। उसमें 381 आपने ग्रामीण क्षेत्रों में खोला और 2133 अर्बन क्षेत्रों में खोला है। माननीय मंत्री जी आप स्टेट बैंक ऑफ इंदौर को ले रहे हैं, अच्छी बात है। कल आप स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर को ले लेंगे। आप स्टेट बैंक ऑफ ट्रावनकोर को भी लेंगे। स्टेट बैंक ऑफ पटियाला को लेंगे, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर को लेंगे और अंत में स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद को लेगे, जिसको कारोबार में अभी दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके बाद पांच बैंक हैं। इन पांचों बैंकों को आप अधिग्रहित कर रहे हैं,यह विलय नहीं है। विलय होता है दो समानांतर बैंकों में, यहां अर्जन शब्द, एक्वीजिशन शब्द का प्रयोग किया गया है। आप उसको अर्जित कर रहे हैं और अर्जन के बारे में बिल में लिखा है कि आस्तियों और दायित्वों, दोनों का कर रहे हैं। जब दोनों का अर्जन कर रहे हैं, तो आपके पास कोई मूल्यांकन इन बैंकों के बारे में नहीं है कि श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने जो सपना देखा था गरीबी और बेरोजगारी हटाने के लिए और वर्ष 1969 में इन बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था, उस गरीबी और बेकारी को हटाने का आपकी सरकार अभी भी जो राग अलाप रही है, उसमें इन बैंकों ने अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन नहीं किया है। आप यही नहीं कह रहे हैं कि हमारा जो माइक्रो फाइनेंसिंग का काम है, इन बैंकों ने नहीं किया, आप यह नहीं कह रहे हैं कि ग्रामीण अंचलों में शाखा खोलकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को कारोबार में शामिल करना चाहिए। आप यह नहीं कह रहे हैं। आप ऐसा क्यों कर रहे हैं, उसके बारे में आपने कुछ नहीं कहा है। मैं बड़े गौर से आपकी बात सुन रहा था कि आप इसके औचित्य पर प्रकाश डालेंगे। होल्कर शासन में वर्ष 1920 में इन बैंकों की स्थापना हुई थी और सरकार के द्वारा विलय का आदेश 28 जुलाई, 2010 को निर्गत हो गया। इसका मतलब यह है कि आर्डिनेन्स के द्वारा आपने आदेश निर्गत किया, लेकिन इतने दिनों के बाद बिल आप लाए हैं। आर्डिनेन्स हुआ, आपने आदेश निर्गत किया, इतना पुराना बैंक है, लोगों की भावना और आस्था जुड़ी हुई है, कर्मचारियों की सेवा जुड़ी हुई है। कर्मचारियों के बारे में आप कहते हैं कि हम दायित्व का अर्जन करते हैं, लेकिन छोटे शेयरधारकों का क्या होगा। एसबीआई के 34 शेयर स्टेट बैंक आफ इंदौर के 100 शेयर के बराबर होंगे। छोटे शेयरधारकों के बारे में आपने कुछ नहीं कहा है, सिर्फ इतना ही कहा है कि 1,16,000 शेयर 10 रूपये के हिसाब से निर्गत करेंगे। आपको बताना चाहिए कि पेंशन का क्या होगा? कर्मचारियों की सेवा ली गई, उनकी सेवा की वरीयता, उनके संवर्ग को आप कैसे संधारित करेंगे? स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का जो कैडर है, उसमें

कैसे संधारित करेंगे?

बगैर निवेश, 100 निवेश 34 के बराबर होगा तो जो छोटे निवेश धारक हैं, उनके शेयर को कैसे प्रोटेक्ट करेंगे, राइट को कैसे प्रोटेक्ट करेंगे, यह आपने नहीं बताया है। इसके उद्देश्य में इन बातों का समावेश नहीं किया है। मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि आप कम से कम इन बातों पर ध्यान दीजिए।

महोदय, 34 प्रतिशत जनसंख्या सिर्फ आधिकारिक तौर पर बैंक के दायरे में है। कुल जनसंख्या का 50 प्रतिशत बैंक के नेटवर्क से बाहर है। यह मेरा आंकड़ा नहीं है, यह सर्वेक्षित विश्लेषण है कि टोटल पापुलेशन का 50 प्रतिशत बैंक के नेटवर्क से बाहर है। आप स्टेट बैंक आफ इंदौर का विलयन कर रहे हैं, अन्य पांच बैंकों को अर्जित करने के प्रक्रियाधीन मामले पर औचित्य प्रकाश डालें कि क्या गरीबी और बेकारी मिटाने के लिए, क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए या डिपोजिटर के इंटरस्ट की गारंटी के लिए ज्यादा सूद देने के लिए कर रहे हैं? यह बिल अब तो पास हो ही जाएगा क्योंकि विरोध तो औपचारिक रूप से नहीं होगा। मैं व्यक्तिगत तौर पर विरोध में हूं क्योंकि छोटे बैंक अच्छा काम कर रहे हैं। हम बैंकों की मीटिंग में जाते हैं। इनके काम की समीक्षा होती है और सरकार प्रायोजित कार्यक्रमों में कार्यान्वयन में इनकी भूमिका अच्छी होती है, लाभ भी देते हैं और कोई भी छोटा बैंक लॉस मेकिंग नहीं है। इसमें सबसे बड़ी बात है कि राइट आफ का मामला बड़े बैंकों में है और छोटे बैंकों में कम है। एनपीए राइट आफ का मामला छोटे बैंकों में कम है, बड़े बैंकों में ज्यादा है। स्टेट बैंक इंदौर भी एक उदाहरण था।

**<u>16.31 hrs.</u>**

(Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)

इन्हीं बातों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और अपेक्षा करता हूं कि माननीय मंत्री जी बिल के समर्थन में पारित कराने के लिए जब अपनी बात कहेंगे तो इन बातों का खुलासा करेंगे।

SHRIMATI SUSMITA BAURI (VISHNUPUR): Mr. Chairman, Sir, I stand to oppose this Bill.

This Bill has been tabled in this august House in order to facilitate the merger of State Bank of Indore with State Bank of India by amending the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act of 1959, to remove references of State Bank of India.

On $15^{th}$ July, 2010 the Union Government cleared the merger of State Bank of Indore with its parent bank, namely, State Bank of India which had 98 per cent stake in State Bank of Indore. This happened to be the second merger of an Associate Bank with SBI after a similar exercise with the State Bank of Saurashtra in 2008. The Government has issued Acquisition of State Bank of Indore Order 2010 on July 28, 2010 and process of amalgamation has started from $26^{th}$ August, 2010.

Following this merger, SBI will be left with five Associate Banks, namely, State Bank of Bikaner and Jaipur, State of Travancore, State Bank of Patiala, State Bank of Mysore and State Bank of Hyderabad. Among these, State Banks of Bikaner & Jaipur, Mysore and Tranvancore are publicly listed companies. SBI plans merger of these five Associate Banks in next 12 to 18 months.

According to Government opinion, this merger would help the country's largest lender to scale up operations and cut costs and at the same time avoid competition between the two entities and lead to easier access to funds at competitive rates. The Finance Ministry gives the logic that this consolidation is aimed at making the State Bank Group a stronger and more resilient organization and it is designed to achieve 'economies of scale' and consequently, competitive edge *vis-a-vis* foreign players invading our economy.

I oppose this point of view. In terms of assets, SBI is now the world's 70th largest bank in the list of top 1,000 banks in the world. Even after merger of all the seven Associates with itself, SBI would be nowhere near the top 50 commercial banks of the world. Merger and consolidation cannot, therefore, produce "competitive edge" as has been sought to be projected. The real intention is downsizing Public Sector Banks in terms of manpower and Branch network to facilitate easy privatization. Government has already passed SBI (Amendment) Bill for reducing Government holding of SBI from 59 per cent to 51 per cent and at that time of discussion the hon. Finance Minister refused to assure that it will not be further reduced.

In fact, at the diktat of World Bank, IMF and WTO combine, this Government is trying to push through the scheme for merger and consolidation of Public Sector Banks as part of their agenda for reforms of the financial sector of the country since the onset of the neo-liberal economic regime in early nineties of the last century.

Our Party is opposed to such consolidation of SBI with associate banks. This would only lead to a monolithic bank that would slowly shed its social responsibility. Only big corporate will be benefited and not the common man. If I am not wrong, the hidden agenda behind such consolidation is a move towards privatization of the whole Bank Industry in India. Even culturally, it would not be a good fit. These banks are States' entity, they are State's icon. They are working in profits and working efficiently. Then why is this merger and for whom? Is it for benefit of customers, or share holders or employees of the whole Banking Industry in India?

No, Sir, for none of them. Here it is to be mentioned that thousands of employees of these associate banks along with the officers of State Bank of Indore protested against this merger process initiated by State Bank of India with its associate banks; they have observed day long strike against this consolidation process.

Now the Government's logic is that this merger will make economic scale up of the SBI, and make it stronger to compete globally. But it is also not tenable. What is the global experience? Many of the big banks in the United States like Lehman Brothers, AIG and Merrill Lynch have failed. Now it is realized globally that one of the major causes of global economic recession was the effect of merger. Moreover it is also felt that the management of the big banks was a rather difficult task as compared to managing the management of the smaller ones. In such recession our hon. Prime Minister made a statement in this august House telling that banking system of our country is not weak and that we are proud of our banking system. The then Governor of Reserve Bank of India himself admitted that even in face of global recession at that point of time, our country has not faced such crisis because of the reason that State Banks and other Public Sector banks were under the Government control and they all are performing well and rendering service to a large section of people. If that is the situation then why is this merger? Rather, our Government should come forward to strengthen these PSBs so that they can open branches in every unserved areas of the country and can serve the interest of farmers and small borrowers in every nook and corner of the country. Instead, what the Government is doing is nothing but moving a step forward towards reducing the Government holding in these banks and facilitate the process of privatization. Is it not a process of shifting from our long cherished stand that we took in early seventies in the last century when these banks were nationalized? It is seen that private banks are taking consolidation route. But it is not acceptable that Government should follow the same line even after the experience of global recession. This is a fundamental question. We must not forget that public sector banks were not made for global competition. The fallacy of big is strong has already been exposed with the overnight collapse of financial giants such Lehman Brothers and others that I have already mentioned.

So, big is no longer beautiful. What is the need of the day is not consolidation of banks but expansion of Public Sector Banks to serve the people at large particularly to the farmers by providing them bank loan at the rate of four per cent as recommended by the Swaminathan Commission. But without doing that, the Government is moving in the opposite direction.

मैं जानना चाहती हूं कि स्टेट बैंक में कितनी महिलायें काम करती हैं और कितनी महिलाओं को हाऊसिंग लोन मिला है?

Hence, I oppose this Bill and appeal to the Government through you, Sir, to reconsider and revoke such merger.

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Mr. Chairman, Sir, I stand here to deliberate on the State Bank of India (Subsidiary Banks) Amendment Bill, 2010.

Consolidation has been one of the buzzwords in the Indian banking sector for the last decade and more but there has been little action to match the noise. There has been sporadic merger and acquisition activity but mostly in the private sector. Rarely the Public Sector Banks were involved, it was more to do with the regulator, orchestrated bailout for a private bank that had fallen into difficulties.

We have about 28 Public Sector Banks in a country. There was always the feeling that we have one bank, too many even though vast areas of the country are under banked.

With the merger now, which is a eventuality, SBI's own brand will probably become more powerful than before. The addition of branches and employees will add about 30 per cent to its existing strength, which, SBI, I hope, will be able to digest.

This Bill was introduced in the Lok Sabha on 18$^{th}$ December, 2009. It was referred to the Standing Committee on Finance. The Bill amends the State Bank of Hyderabad Act, 1956; the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959. These Acts regulate the subsidiary banks of the State Bank of India. Now, with the merger of these two banks, SBI will become a mammoth bank, country's largest lender, and plans consolidation of the remaining banks with itself.

In the last two years, Sir, SBI merged two associates, namely, State Bank of Saurashtra and State Bank of Indore. State Bank of Saurashtra's amalgamation took place in 2008, and State Bank of Indore's amalgamation took place in the last year. Now, State Bank of Bikaner and Jaipur, State Bank of Travancore, State Bank of Mysore, State Bank of Patiala and

State Bank of Hyderabad are to be merged. State Bank of Bikaner and Jaipur, State Bank of Mysore and State Bank of Travancore are listed companies. So, there is a difference.

I would see the consolidation as the next logical step so as to bring in − there are three aspects to it − economies of scale reduce − that is what the Government is saying − administrative overheads, redeploy and channelize trained manpower to business development. These are the three major aspects for which this amalgamation is taking place.

It is also said that to reduce avoidable competition from different arms of the same group engaged in the same activity in the same segments and geography.

The basic question arises, whom would it benefit, if consolidation takes place? The Government has stated what they have to say. Although the State Bank of India is the largest bank in India, as Mr. Mangani Lal Mandal has said, that is the rank within our country. But what is the rank in the international field? It is the largest bank of India but it ranks 68$^{th}$ amongst the world's biggest banks.

SHRI NISHIKANT DUBEY (GODDA): One year back, what was the position? One year back it was 56$^{th}$ in rank.

SHRI B. MAHTAB : Now, it has slided down to 68$^{th}$ position. We, all of us, want that the country's largest bank to be sufficiently strong in terms of balance-sheet size to cater to the growing requirements especially of Indian origin multinational companies. This merger should not be seen in the conventional sense but is more in the nature of restructuring within the group as State Bank of India already held 75 per cent or more equity stock in all its subsidiary banks.

The technology platform is the same. Policies of the State Bank of India and its subsidiary banks, such as loan policy, investment policy, are similar. All the associate banks have products, services and processes broadly similar to that of the State Bank of India. The completion of the merger will be a logical denouement for an integration process that began many years ago.

The global economic crisis has given Indian banks a window of opportunity to put their house in order before foreign banks mount their next invasion. This consolidation should be looked from that aspect, and therefore, be seen only in the first of such steps that are necessary to strengthen the Indian banking sector.

Having said that, I have certain points to make and seek the Government's clarification. Have the Government made an in-depth analysis of issues relating to mergers and consolidation of public sector banks in general? Is it not necessary to assess in clear terms the reasons for rising NPAs in the State Bank of India group of banks? What about amendments to be made in the State Bank of India Pension Fund Rules, which is detrimental to the retirees of the merged subsidiary banks? I would expect some response from the Government.

At the same time, I would like to dwell on the functioning of the State Bank of India. Is it true that when the top 1000 companies in the Indian stock market, a large chunk of which bank with the State Bank of India, have recorded a 29 per cent jump in net profit, the bank has recorded a slide of 32 per cent, a dip of 32 per cent? What is the operating expense in the State Bank of India?

Lastly, I would like to draw the attention of the Government relating to an issue of the State Bank of India providing loans to certain companies to pay for 2G spectrum licences in 2008. I would like to know whether the SBI has violated any norm while lending to these telecom companies that received the spectrum licences. Did the SBI provide funds to the erstwhile United Wireless Limited and Swan Telecom Private Limited which is now known as Etisalat DB Telecom India Private Limited?

I am given to understand that at least Rs.2500 crore to Unitech and more than Rs.700 crore to Swan were provided by State-run banks during 2008-2010. SBI, from another quarter, is said to have given Rs.10,000 crore to five new telecom companies that received 2G licences. My query is whether the money is safe now. Did the banks follow all norms while lending to such firms? Has this − and this is of greater concern that is being discussed in the country and outside − controversy affected the stock of the banks?

With these words, I conclude.

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर, उ.प्र.):** सभापति जी, सिद्धांततः बैंकिंग प्रणाली एक नेशनल इंडस्ट्री है। अगर नेशनल इंडस्ट्री है तो छोटी-छोटी और बड़ी-बड़ी में एक प्रिंसिपल की बात है। बैंकिंग प्रणाली में मुझे अफसोस यह है कि स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद और अभी मैंने सुना, स्टेट बैंक ऑफ ट्रावनकोर जो हैं, मैं आज पूछना चाहता हूँ कि क्या बैंक ऑफ ट्रावनकोर की कोई ब्रांच बुंदेलखंड रूरल एरिया में खुली है या खोलने का कोई विचार है? इस पूरे सीनैरियो को, इ बैंकिंग प्रणाली को अगर ग्लोबल और नेशनल बनाना है तो एक बैंक काम करेगा। जैसा कि अभी हमारे मित्र कह रहे थे कि इसकी आज पूरे

कंसैप्ट में, इंस्टीटयूशन में, कॉमर्शियल, ग्लोबल और ब्रांडेड इमेज होनी चाहिए। जैसे बैंक ऑफ इंदौर है। चूँकि माननीय सदस्या इंदौर की तरफ से आती हैं तो उनका बोलना राजनीतिक है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि इंदौर के बैंक उत्तर प्रदेश में दो भी नहीं हैं। जब बजट पेश हुआ तो मंत्री जी ने कहा कि माइक्रोफाइनैंसिंग करेंगे, एक करोड़ और ज्यादा बढ़ाएँगे। क्या ये जो छोटे-छोटे बैंक हैं, अपनी पालिसी को इंप्लीमैंट करने में वही कोआपरेशन दिखाएँगे जो बड़े बैंक दिखाते हैं। मेरा निवेदन है कि बैंकिंग इंस्टीटयूशन को जितना आप बड़ा बनाएँगे उतना ही अच्छा होगा। विदेशों में जाइए तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या कहीं कहीं बैंक ऑफ बड़ौदा मिलता है, बैंकों की कहीं ब्रांच ही नहीं हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि जितने छोटे-छोटे बैंक हैं, ये लोकलाइज़्ड रूम सर्विस, मदर डेयरी या दूध की दुकानें नहीं हैं कि जो मोहल्ले को केटर कर रही हैं। अगर नेशनल इश्यू करना हो तो खासकर हमारी पार्टी फील करती है कि पिछले 63 सालों से फोकस रूरल इंडिया में न होकर अर्बन इंडिया में हुआ है। अगर रूरल इंडिया में फोकस होना है तो जैसे अब धीरे धीरे मंद गति से बढ़ रहे हैं, बैंकों को नेशनल इमेज देनी पड़ेगी और उसी बैंक को फ्लरिश करना पड़ेगा जो पूरा फोकस गवर्नमैंट ऑफ इंडिया की नीतियों का कर सके।

महोदय, मैं ज्यादा बात न करके अपने सबमिशन को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सबसीडियरी बैंक अमैंडमैंट बिल तक ही लिमिट करना चाहता हूँ। मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि यह जो मर्जर है, यह देर से हो रहा है। बल्कि मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि जितने छोटे-छोटे बैंक हमारे देश में हैं, इनको मर्ज करके एक बना दिया जाए और एक ब्रांडेड इमेज हो। जैसे होता है कि जापान का यह बैंक वर्ल्ड का नं. 3 है। जैसे अभी सबमिशन पढ़ा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मर्जर के बाद इसकी गिनती 17वीं हो जाएगी। इसलिए मैं इसी अमैंडमैंट के साथ अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ कि जितने छोटे छोटे बैंक हैं, इनको ज्यॉग्राफिकल लिमिट में या किसी एरिया या स्टेट में लिमिट न करके उसे नेशनल और इंटरनेशनल इमेज दी जाए। इसके साथ ही मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak.

The move to introduce and passing of this Bill is a necessity arising out of the merger of State Bank of Indore with State Bank of India. I think, the merger is due to non-viability of the State Bank of Indore. It is unavoidable. There is no other go as far as the State Bank of Indore is concerned, except this.

While welcoming the move as far as merger of State Bank of Indore with State Bank of India is concerned, I would like to state that as far as this case is concerned, the interest of employees and officers of the State Bank of Indore should be adequately protected and safeguarded. Even though the merger is necessitated by an emerging situation sometimes, I would like to say that this move should not be a fore-runner towards further merger of nationalized banks.

Instead of people approaching the banks, the banks are supposed to reach the people with helping hands. So, the opening of banks in rural areas is a must, but the current thinking of the UPA Government is only on the lines of merger of the nationalized banks into a big entity. This will not solve the problem and provide any solution. As our hon. Finance Minister used to say frequently, inclusive banking should be the guiding factor. If the merger is effected among the nationalized banks, it may lead to withdrawing of the very objective of inclusive banking. The Government should seriously think of giving up the notion of merger and amalgamation of banks.

Another aspect on which I would like to share my view relates to entry of private sector in the banking industry. A few months back, the Reserve Bank of India has issued a circulation to all the nationalised banks seeking their views on permitting the private and corporate sectors into the banking industry with certain stipulation. I understand that the suggestion was not well received by the nationalized banks.

As we all know, entry of private sector would facilitate promoting resourceful persons and industry, and they may not be interesting in reaching out to the poor and uplifting their status. Such a move, I fear, will wipe out the gains so far we have made in liberating the poor through the banking system. Financial support from the banks will become a far cry, if we allow private sector in the banking industry. Definitely, it will be a unwise move if the Government proceeds in the direction of amalgamation of existing nationalised banks and permitting private sector's entry.

With these words, I conclude.

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली):** सभाति महोदय, मंगनी लाल मण्डल जी चले गए हैं, वे मर्जर के खिलाफ बोल रहे थे। मर्जर के बारे में सुनने से हमें भी शंका हो जाती है। एयर एण्डिया और इण्डियन एयरलाइंस का मर्जर करके उसे डूबो दिया गया। जब वह विषय आएगा, तब उस पर डिटेल में बोलेंगे।

महोदय, वर्ष 1959 के कानून के द्वारा बैंक आफ इंदौर का नाम बदलकर स्टेट बैंक ऑफ इंदौर हो गया। इस बैंक का मर्जर जुलाई, 2010 में ही हो गया था। आज जो संशोधन विधेयक लाया गया है, वह केवल स्टेट बैंक ऑफ इंदौर से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया करने के लिए आया है। इस विधेयक में बहुत दम नहीं है।

**<u>17.00 hrs.</u>**

(Dr. Girija Vyas *in the Chair*)

लेकिन एक भेद जरूर खुलना चाहिए, सौराष्ट्र एवं इंदौर का मर्जर हो गया, अब इसका मर्जर हो रहा है। पांच छूट गए, वे अभी सब्सिडियरी ही हैं। सरकार जो यह पॉलिसी लाई है, पिक एंड चूज़ क्यों है, हम इस बात की आशंका उठाते हैं। दो का मर्जर किया और पांच को छोड़ दिया, आपने किस कारण से पांच को छोड़ दिया और दो का मर्जर कर दिया? अच्छाई-बुराई एवं पक्ष-विपक्ष में आप बोलेंगे, लेकिन हमारी शुरु में आशंका है, कोई भी साधारण आदमी एवं ले-मैन कहेगा कि दो का मर्जर हो गया, पांच को क्यों छोड़ दिया और भविष्य में आप करेंगे या नहीं करेंगे? हम पक्ष में नहीं बोलेंगे, हम केवल आशंका उठाते हैं कि दो का मर्जर और पांच का नहीं, ऐसा क्यों है, इसमें क्या बात एवं पेच है, क्या भेद है, यह सवाल हम उठाते हैं? दूसरी बात यह है, हम जानना चाहते हैं कि ऑल इंडिया बैंकिंग एम्प्लॉइज़ फेडरेशन का ऑफिसर जो वेंकटचलम है, उसने इनके खिलाफ किया। अधिकारी एवं कर्मचारी इसके खिलाफ हैं, आपने उसे जबरन मर्जर किया। उसका अहित हुआ, खराब होने वाला है, इसमें क्या पेच है, यह हम जानना चाहते हैं? आपने मर्जर कर दिया है और तकनीकी बात के लिए यहां आए हैं, हम यह जानना चाहेंगे कि मर्जर होने से वहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के भविष्य पर, उनके व्यवहार एवं उनकी सुविधा पर क्या असर पड़ने वाला है? यदि आम जनता पर उनका व्यवहार खराब होगा तो हम हमेशा खिलाफ रहेंगे। चाहे आप उसे मर्जर करिए या तोड़िए, आम जनता का क्या हो रहा है और उसमें जो कर्मचारी कार्यरत हैं, उन पर क्या असर पड़ेगा?

तीसरा हमारा सवाल यह है, हमने देखा है कि ये जो पांच सब्सिडियरी बैंक्स हैं, विजय बहादुर सिंह जी कह रहे थे कि ट्रेवनकोर की उत्तर प्रदेश में शाखा है, बिहार में कोई शाखा नहीं है। इन लोगों ने शुरु में सब्सिडियरी बैंक को फैलने से रोका है, जिससे वे अपनी शाखा नहीं खोलें, लेकिन अब छूट दे दी है। हम जानना चाहते हैं कि सब्सिडियरी बैंक में कितने उच्च पद खाली हैं, जनरल मैनेजर, रीज़नल मैनेजर आदि जो हैं, वहां पर अगर अनुभवी आदमी नहीं रहेगा तो बैंक का विस्तार कैसे होगा, हम यह जानना चाहते हैं? जो सब्सिडियरी बैंक है, उसकी शाखा का विस्तार देश के पैमाने पर नहीं हो रहा है। वहां उच्च पद खाली हैं, वहां दस वÂ़ान के अनुभव वाला व्यक्ति चाहिए तो पांच वÂ़ान के अनुभव वाले व्यक्ति को पोस्ट कर देंगे, वहां उसे पोस्ट कर दिया है और कर रहे हैं। उससे बैंक का अहित होगा या नहीं? वहां कम अनुभवी आदमी जाएगा। वहां कितने पद खाली हैं और उनके लायक योग्य आदमी वहां नहीं हैं, इस पर क्यों भेदभाव हो रहा है? आप ऐसा क्यों कर रहे हैं, आप उन्हें फ्री करिए। जब सब्सिडियरी बैंक की शाखाएं हैं और स्टेट बैंक में ऐसे ऑफिसर मौजूद हैं तो जरूरत के मुताबिक दोनों में अदली-बदली होने दीजिए। मंगनी मंडल जी चले गए हैं। हम यह सवाल उठाते हैं कि 85 हजार गांव के बैंक का कवरेज है, बाकी साढ़े पांच लाख गांव छूटे हुए हैं, ये गांव में जाना ही नहीं चाहते हैं।

महोदया, उन्होंने पढ़कर सुनाया है कि वर्ष 2005-06 में बैंक की 450 शाखाएं खुलीं, लेकिन गांव में एक भी नहीं खुली। फिर बताया कि 1300 शाखाएं खुलीं। उनमें से सिर्फ एक चौथाई गांवों में शाखाएं खोली गईं और बाकी सब शाखाएं शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों में खोली गईं। यदि ऐसा होगा, तो गांव के लोगों का क्या होगा?

महोदया, कहते हैं कि दुनिया में बड़े-बड़े और विशाल बैंक हैं, तो हमारे देश में भी बड़े और विशाल बैंक हों, इसलिए स्टेट बैंक का सब्सीडियरी मिलाया गया और मर्जर हो रहा है। यदि भारी बैंक हैं, तो क्या हम केवल आकार से भारी देखेंगे या काम से भारी देखेंगे? स्टेट बैंक का काम तो चौथे नंबर पर है। नंबर दो पर पंजाब नैशनल बैंक, तीन नंबर पर बड़ौदा बैंक और चौथे नंबर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया है। इस प्रकार यदि देखा जाए, तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का आकार बड़ा और काम छोटा है। मैं माननीय मंत्री जी से सवाल पूछना चाहता हूं कि क्या हो रहा है यदि दुनिया में बड़े बैंक हैं, तो क्या यह बैंक अमेरिका के बैंकों से भी बड़ा बैंक है? अमेरिका में बड़े-बड़े बैंकों का पिछले सालों में दिवाला निकल गया। वहां सर्वत्र मंदी व्याप्त है। यदि मंदी आएगी, तो क्या बड़ा बैंक जल्दी नहीं बैठेगा? आप दुनिया की तुलना में बड़ा और विस्तृत बैंक बना रहे हैं। आप बैंक का विस्तार करिए या उसे छोटा करिए, कोई मतलब नहीं, हम तो सिर्फ यह पूछना चाहते हैं कि जनता का क्या हो रहा है, गरीब आदमी का क्या हो रहा है और गांव के लोगों का क्या हो रहा है?

महोदया, बताया गया कि फायनेंश्यल इन्क्लूजन हो रहा है। रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत 8-10 करोड़ गरीब आदमियों के में बैंकों या पोस्ट ऑफिसेस में खाते खोले गए हैं। वह तो बेचारा गरीब है और नंगे बदन है, वह क्या बैंक में खाता खोलेगा और कहां से खाता खोलेगा, जब बैंकों की शाखाएं ही गांवों में नहीं होंगी, तो क्या काम करेगा?

महोदया, जितने माननीय सदस्य यहां बैठे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब वे गांवों में जाते हैं, तो क्या गांवों के लोग उनसे नहीं कहते कि गांव में बैंक की शाखा खोली जाए। सभी माननीय सदस्य इस बात को कह रहे हैं कि गांव के लोग हमेशा गांव में बैंक की शाखा खोलने की बात कहते हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप इस मामले में क्या करेंगे? मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि मुजफ्फरपुर जिले के पारू प्रखंड के रैपुरा में गया, तो वहां मैंने देखा कि बहुत बड़ा बाजार है। वहां रोजाना के प्रयोग में आने वाली सभी चीजें बिकती हैं। इन चीजों को खरीदने के लिए वहां हजारों लोग आते हैं। वहां मुझसे कहा गया कि यहां बैंक की शाखा खुलवा दीजिए। पारू के बगल में मझौलिया गांव है। जब मैं वहां गया, तो कहा कि वहां बैंक की शाखा खुलवा दीजिए। हमने लिखा-पढ़ी की, तो पता लगा कि एक लीड बैंक होता है, वही शाखा खुलवाता है। हमने कलैक्टर से कहा, हमने मिनिस्टर को लिखा और हमने सब को लिखा और कहा, लेकिन दो-तीन साल हो गए, बैंक की शाखा नहीं खुली। जब हम गांव में पुनः गए, तो गांव के लोगों ने कहा कि क्या हुआ, क्या बैंक की शाखा नहीं खुल रही है? आप बताइए, हम इसका क्या जवाब दें? ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया** : डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह जी, आपके सुझाव बहुत अच्छे हैं। इसलिए आप कृपया सुझाव ही दीजिए।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : महोदया, यही तो सुझाव दे रहा हूं। महोदया, सुझाव देते समय जब हम अपनी पीड़ा का वर्णन करेंगे, तभी तो मगज में घुसेगा। मैं कहना चाह रहा हूं कि हम सदस्यगण जब गांव में जाते हैं और गांव वाले कहते हैं कि वहां बैंक खुलवा दीजिए, तो हम क्या करें? हम लिखा-पढ़ी करते हैं अफसर से और मिनिस्टर से मिलते हैं, तो वे बताते हैं कि इस काम को सेंट्रल बैंक दे रहा है या लीड बैंक देख रहा है। कभी कहेंगे कि वह जांच कर रहा है, कभी कहेंगे कि वह सर्वेक्षण कर रहा है फिर कहेंगे कि वह रिपोर्ट भेज रहा है, लेकिन कुछ नहीं होता। जब हम साल भर बाद फिर उस गांव में गए, तो फिर हमसे गांव वालों ने पूछा कि बैंक की शाखा खोलने के बारे में क्या हुआ? हम माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि हम गांव वालों को उनके इस प्रश्न का क्या उत्तर दें? यह हमारी अपनी पीड़ा है। हम आम जनता का सवाल उठाते हैं और उसका कुछ नहीं होता, तो हम क्या जवाब दें? हम माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि गांव की क्यों उपेक्षा हो रही है और कब तक गांवों में बैंक की शाखा खोली जाएगी? अगर गांव में बैंक की शाखा नहीं खोलेंगे और यहां कहेंगे कि जी.डी.पी. 9 परसेंट हो जाए, तो यह कैसे होगी? वहां गांव का गरीब आदमी मर रहा है। आप कहते हैं कि दुनिया के सबसे ज्यादा खरबपति, अरबपति और लखपति हिन्दुस्तान में हैं। मैं कहना चाहता हूं कि दुनिया के सबसे गरीब यानी लीखपति भी हिनदुस्तान में सबसे ज्यादा हैं। दुनिया के सबसे ज्यादा निर्धन आदमी भी यहीं हैं। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया** : बहुत-बहुत धन्यवाद। अब आप समाप्त कीजिए।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : महोदया, मंत्री जी बैठे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि बड़े बैंक खोलना, जी.डी.पी. ग्रोथ बढ़ाना और फायनेंश्यल इन्क्लूजन कहां गया?

**सभापति महोदय** : आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपका समय समाप्त हो गया।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : महोदया, हम तो समाप्त ही कर रहे हैं। हम इन्क्लूसिव ग्रोथ पर सवाल उठाते हैं। 9 परसेंट ग्रोथ है, तो गरीब आदमी की ग्रोथ कैसे होगी, यदि गांव में बैंक की शाखा नहीं खोली जाएगी, तो उसे कैसे सहायता मिलेगी और फिर महाजनी प्रथा कैसे रुकेगी? गरीब आदमी को यदि दवाई लेनी है, तो उसे 10 रुपए सैकड़े ब्याज पर रुपए उधार लेने पड़ेंगे। वहां गरीब आदमी ब्याज से मर रहा है।

**सभापति महोदया** : आगे चलें।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : इसीलिए हम यह सवाल उठाते हैं कि जो भी बैंक की शाखाएं हैं, उनका क्या हाल है? किसान क्रेडिट कार्ड आपका नहीं बनेगा, आदमी डर रहा है, नहीं तो घूस देने से बनेगा। किसान क्रेडिट के लिए बैंक पर हम सवाल उठाते हैं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया:** श्री अर्जुन राम मेघवाल।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : खत्म करता हूं।

फिर दलाल लगे हुए हैं, किसान का, बेरोजगार का, पढ़ने के लिए जो लोन मिलता है...(व्यवधान)

**सभापति महोदया:** आप जल्दी खत्म करें।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : इसका क्या इलाज है? हमको कहा जाता है, बैंक वाला कहता है, इतने परसेंट दे दीजिए, दलाल बोलता है, तब हम देंगे। हमको कहना आता है, लेकिन हम क्या करें। हम एप्लीकेशन, चिट्ठी लिखते हैं कि देखिये, हमारे यहां यह शिकायत आ रही है, इसका क्या इलाज है, लेकिन बैंक वाला कहीं सुनता है? एन.पी.ए. एक लाख करोड़ रुपये, डेढ़ लाख करोड़ रुपये है, गरीब आदमी का एन.पी.ए. कहीं है, किसान का एन.पी.ए. कहीं है?...(व्यवधान)

**सभापति महोदया:** आप कृपया बैठ जाइये, नहीं तो अब आपकी बात रिकार्ड पर नहीं जायेगी।

अर्जुन राम जी, आप शुरू कर दें। अब रिकार्ड पर अर्जुन राम जी की बात ही जायेगी।

*(Interruptions) â€¦**

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह** : महोदया, इसलिए बैंक में कितनी हमारी पूंजी जमा है...(व्यवधान)

**सभापति महोदया:** अर्जुन राम जी, आप बोलिये। आपकी बात ही रिकार्ड पर जायेगी।

रघुवंश प्रसाद जी, अब आप विराज जायें। अर्जुन राम जी, जब तक आप अपनी बात शुरू नहीं करेंगे, वे बोलते रहेंगे।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** सभापति महोदया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और सब्सिडियरी बैंक एमेंडमेंट बिल, 2010 पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**सभापति महोदया:** आप 15 मिनट बोल लिए, बहुत हो गया। मेघवाल जी, आप बोलिये।

अब रिकार्ड में सिर्फ अर्जुन राम मेघवाल जी की बात ही जायेगी। आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद, अब आप विराज जायें।

*(Interruptions) â€¦**

**सभापति महोदया:** अर्जुन राम जी अब आप बोलना शुरू करें, अब आपके मिनट कट रहे हैं।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

माननीय सभापति जी के माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाह रहा था कि आप जो यह सब्सिडियरी बैंक एमेंडमेंट बिल, 2010 लाये हैं, हम डब्लू.टी.ओ. रिजीम में रह रहे हैं, लेविल प्लेइंग फील्ड का जो एक प्रिंसीपल है, वह संसार के सभी देशों में प्रचलन में आ रहा है तो अगर विकसित देशों में प्रायरटी सैक्टर पर जो लैंडिंग होती है, उस पर रेट ऑफ इंटरैस्ट 3-4 परसेंट है तो क्या भारत सरकार यह मर्जर होने के बाद, बड़े बैंक बनने के बाद क्या रेट ऑफ इंटरैस्ट में कमी लायेगी, क्या तीन और चार परसेंट रेट ऑफ इंटरैस्ट पर लोन देने में सक्षम हो जायेगी? क्योंकि लेविल प्लेइंग फील्ड में डब्लू.टी.ओ. रिजीम के बाद वर्ल्ड बैंक और आई.एम.एफ. का जो प्रैशर है, उसके कारण ही मर्जर ज्यादा हो रहे हैं।

मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर का भी मर्जर होने वाला है। मैं यह कहना चाहता हूं कि देश के लोग एक भावना से भी जुड़े हुए हैं तो भावना से खिलवाड़ करने से पहले आपको कोई इम्पैक्ट, असैसमेंट या स्टडी करानी चाहिए कि उस बैंक के समाप्त होने से बैंकिंग सैक्टर पर क्या निगेटिव इम्पैक्ट पड़ने वाला है।

मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूं के एन.पी.ए. बढ़ने पर कोऑपरेटिव सैक्टर में तो बोर्ड ऑफ डायरैक्टर रैस्पोंसिबल होते हैं, तो क्या मर्जर होने की स्थिति में या अभी भी एन.पी.ए. बढ़ने पर जो बड़े बैंक हैं, उनके बोर्ड ऑफ डायरैक्टर्स पर कभी कोई कार्रवाई की गई है? दूसरे, बोर्ड ऑफ डायरैक्टर्स की जो संख्या है, उसमें मेरे ख्याल से वीकर सैक्शन के लोगों की संख्या बहुत सीमित है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या बोर्ड ऑफ डायरैक्टर्स में जब आपका मर्जर हो जायेगा तो एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के लोग भी उसमें नोमिनेट होंगे या नहीं होंगे, मैं आपके जवाब में यह बात जानना चाहता हूं?

अगला जो मेरा बिन्दु है, वह प्रोसेसिंग फीस को लेकर है। जो बड़े बैंक हैं, उनमें चाहे किसान क्रेडिट कार्ड हो, चाहे प्रायरटी सैक्टर लैंडिग हो, चाहे एग्रीकल्चर क्षेत्र में लैंडिंग हो, उसमें प्रोसेसिंग फीस ज्यादा है और जो छोटे बैंक हैं, उनमें प्रोसेसिंग फीस या तो कम है या निल के बराबर है। आप का जब मर्जर हो जाएगा और बैंक बड़ा हो जाएगा, तो मुझे ऐसा लगता है कि आपकी जो प्रोसेसिंग फीस है, वह भी बढ़ जाएगी। अभी किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आप जो प्रोसेसिंग फीस चार्ज करते हैं, उसका तरीका पैनल लायर के माध्यम से है। बैंक्स ने इसके लिए पैनल लायर नियुक्त कर रखे हैं और पैनल लायर को यह कह रखा है कि...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप प्रश्न पूछते जाइए। उनको प्रोसेज मालूम है।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** आप डेढ़ सौ रूपए में जांच करके आइए। जब किसान उस पैनल लायर के पास जाता है, तो वह उसको कहता है कि मुझे आगे चलना है, तब पैनल लायर कहता है कि मेरे पास टाइम नहीं है। उसकी फीस डेढ़ सौ रूपए है, लेकिन जैसे ही वह कहता है कि मैं आपको पांच सौ या एक हजार रूपए दूंगा, तो पैनल लायर उसी दिन जाकर एसेसमेंट कर देता है। जब बैंक बड़े हो जाएंगे, तो मुझे लगता है कि प्रोसेसिंग फीस वाला जो मामला है, जबकि आरबीआई की गाइडलाइंस है कि आप प्रोसेसिंग फीस नहीं ले सकते हैं, लेकिन जो अवैध तरीके से प्रोसेसिंग फीस ली जा रही है, उसमें भी बढ़ोत्तरी होगी। महोदया, यह प्वाइंट है, जिसे मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को बताना चाहता हूं।

महोदया, जो कर्मचारी हैं, मर्जर होने के बाद, उनका ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप केवल प्रश्न पूछिए, आपने कहा था कि मैं दो मिनट लूंगा।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** महोदया, आप जिस एरिया से आ रही हैं, बैंक आफ राजस्थान के लोग आईसीआईसीआई बैंक में मर्ज हुए। वह आज तक कह रहे हैं कि हम सेकेंड दर्जे के नागरिक माने जा रहे हैं। आपका बैंक आफ इंदौर मर्जर हो जाएगा, आगे स्टेट बैंक आफ बीकानेर एंड जयपुर के कर्मचारियों को भी मर्जर करना चाहते हैं, स्टेट बैंक आफ ट्रावनकोर का भी, तो क्या मर्जर होने पर उनका दर्जा सेकेंड ग्रेड नागरिक जैसा रहेगा? क्या ऐसा लगेगा कि ये मर्जर बैंक के लोग हैं? इनमें कैसे समानता आएगी? यह भी मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं।

महोदया, आपने मैनडेट किया है कि दो हजार की आबादी वाले गांव, बैंकिंग सेक्टर से जुड़ेंगे। जो बैंक बड़े हो गए, जैसे एसबीआई बड़ा हो गया, तो क्या वह गांव में जाकर शाखा खोलेगा? कहीं ऐसा तो नहीं है कि जिस उद्देश्य को लेकर आप चले हैं, उससे यह कंट्राडिक्ट्री हो जाएगा और तीन-चार साल बाद एसेसमेंट करने बैठेंगे, तो लगेगा कि हमारे छोटे बैंक्स ही ठीक थे, जो गांवों में जाकर शाखा खोलते थे और ये बड़े बैंक्स शाखा नहीं खोल पा रहे हैं। ये कुछ ऐसे प्वाइंट्स हैं, जिन्हें मैं आपके माध्यम से कहना चाह रहा था।

आपने मुझे बोलने का थोड़ा कम समय दिया है, लेकिन मैं एक चीज कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। आपने एटीएम के माध्यम से बैंकों को एक कर दिया है, सब्सिड्री बैंक वाले तो एटीएम के माध्यम से एक हो ही गए हैं, लेकिन जो प्रायोरिटी सेक्टर लैंडिंग है, जो एग्रीकल्चर लैंडिंग है, जो केसीसी की लैंडिंग है, मर्जर होने के बाद क्या यह बढ़ेगी या कम होगी? यह मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।

**सभापति महोदया :** माननीय सदस्यों से मैं निवेदन करती हूं कि आपकी पार्टीज का समय समाप्त हो चुका था, लेकिन कुछ नाम शेष हैं, इसलिए कृपया दो-दो मिनट के लिए बोलें। साढ़े पांच बजे इसका रिप्लाई होगा।

SHRI S.S. RAMASUBBU (TIRUNELVELI): Madam Chairman I rise to speak on the State Bank of India (Subsidiary Banks) Amendment Bill, 2010. The Bill authorizes SBI with approval from the RBI to take certain actions regarding functioning of its subsidiary banks. The State Bank of Indore was previously called the Bank of Indore Limited. After it became a subsidiary of SBI, it began to be called the State Bank of Indore. The Bill authorized SBI with approval from the RBI to take over subsidiary banks under the purview of State Bank of India.

Now because of the merger of the subsidiary banks with the State Bank of India, we will be in a position to face the onslaught of foreign banks in the country. We have to strengthen our banking system and banking sector in order to be able to face the competition from the foreign banks that are entering the country in the globalised scenario. Because of the merger of these subsidiary banks into SBI, our banking system has improved a lot. Nowadays you can see that there is global recession. Even during the time of global recession our banking sector has performed well.

After the nationalization of fourteen commercial banks by iron lady Madam Indira Gandhi, our former Prime Minister, our banking sector has improved a lot and is expanding not only in the country but it is ready to face competition abroad.

There are still five more subsidiary banks under the State Bank of India. These subsidiary banks can also be merged because some subsidiary banking authorities are now prepared to merge with the State Bank of India.

Subsidiary Bank authorities are now prepared to merge with the State Bank of India because after they merger banking sector become powerful. Money is the pivot around which economic development prospers. We have to deal with money. Our economic and financial system is very strong when compared to other nations. Even the capitalist nations like the US and UK, they collapsed during the recession but it was not the case with us. We are strong. A senior Member expressed his apprehensions that after the merger of these banks, the rural sector should not be neglected and rural sector should not be denied the benefits. I think, it is a very reasonable one. Even then, only after formation of capital, assets and liability, bank becomes strong.

Our UPA Government stated that it would open a branch in the rural area where the population is 2,000. Only because of the strong financial capital, we can open these small branches in rural areas. We can help the agricultural farmers. Now a days we are giving utmost importance to human resource development and education loan is provided only by the State Bank of India and nationalised banks. Private banks are not ready to extend education loans. Even the rural banks like the Pandyan Grama Bank in Tamil Nadu are not ready to extend education loans because they are not having the capital capacity. Hence, I would urge that we should improve the capital capacity of the rural banks only by this type of mergers. Only by opening branches in the rural areas, poor people would derive benefit and people from various sectors like agriculture, small industries would benefit.

I would like to mention an important point. Our hon. Minister is here. State Bank of India employees and also the subsidiary bank employees should be given the same status. For example, in salary, there should not be any partiality after the merger. We have also to take into account 70 per cent increase in salary given to the banking sector by the Government. But at the same time, they should be given increase in salary with retrospective effect. Pensioners who worked during that period should also be given additional pension with retrospective effect. I welcome this Bill on merger.

**श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली):** सभापति महोदया, मैं आपसे रिक्वैस्ट करता हूं कि मुझे अपनी बात रखने के लिए थोड़ा समय दीजिए।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आपको दो मिनट मिलेंगे और दो मिनट में आप अपनी बात वाइंड-अप कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

**श्री नारनभाई कछाड़िया :** महोदया, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपका हार्दिक धन्यवाद करता हूं।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** मैंने कह दिया था कि पोलीटिकल पार्टीज़ का समय समाप्त हो चुका है, लेकिन मैं आपको फिर भी समय दे रही हूं।

â€¦(व्यवधान)

**श्री नारनभाई कछाड़िया :** महोदया, आपने मुझे इस विषय पर अपनी बात रखने का विशेष रूप से मौका दिया और प्रत्यक्ष रूप से आग्रह किया कि सौराष्ट्र स्टेट बैंक अधिनियम, 1950 निरसन करने और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1959 के और संशोधन करने वाले विधेयक पर मैं सौराष्ट्र-कच्छ की जनता की ओर से अपनी बात रख रहा हूं।

महोदया, जैसा कि आपको सूचित होगा कि पिछले पांच दशकों से अधिक समय से स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र भारतीय स्टेट बैंक समूह के सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र का एक लीड बैंक था। यह ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के लोगों के लिए मेरा अपना बैंक के रूप में कार्यरत है। सौराष्ट्र-कच्छ के 8 जिलों में सर्वाधिक शाखाएं किसानों की ऋण आदायगी, सरकारी राजस्वों का विनिमय, पेंशन भोगियों और स्व-रोजगार हेतु दी जा रही वित्तीय सहायता के लिए इसकी भूमिका सर्वाधिक प्रमुख और लोकप्रिय रही है।

हाल के वर्षों में इसका भारतीय स्टेट बैंक में विलय कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप इसके अस्तित्व पर काफी हद तक विपरीत प्रभाव पड़ा है। वर्षों से और अब तक ग्रामीण अंचलों के लोगों के मन में मेरा अपना ग्रामीण बैंक की छवि और पहचान थी जो अब नेस्तनाबूद कर दी गई है। इस बैंक की अपनी सर्वाधिक शाखाएं और जमा पूंजी शायद देश के अन्य वित्तीय संस्थानों से अधिक है जो एक गौरव की बात है।

मैं माननीय वित्त मंत्री महोदय का ध्यान 'दैनिक जागरण' के 21 नवम्बर, 2009 के दिल्ली संस्करण में प्रकाशित एसबीआई बैंकों के विलय पर ब्रेक के शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर आकर्षित कर रहा हूं, जिसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक में अन्य पांच बैंकों - स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर और स्टेट बैंक ऑफ ट्रेवेनकोर के विलय को सरकार ने ब्रक लगा दी है। इन पांच बैंकों की विलय की प्रक्रिया किन-किन कारणों से स्थगित करनी पड़ी, इस सवाल पर सोचना बेहद जरूरी है, जबकि स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र इन पांचों बैंकों के मुकाबले हमेशा सर्वोपरि रहा है। पूंजी, बैंक शाखा के भवनों और ग्राहकों की संख्या भी सर्वाधिक थी और बैंकिंग लाभांश में भी इन स्टेट बैंकों के अलावा अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुलना में सर्वोपरि रहा है।

फिर यह अन्याय सिर्फ स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र के साथ ही क्यों? अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रैस ने नई दिल्ली संस्करण के 20 जून, 2009 के उस समाचार की ओर आकर्षित कर रहा हूं जिसमें यह प्रकाशित हुआ है कि स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के भारतीय स्टेट बैंक में विलय की प्रक्रिया को सरकारी तौर पर मंजूरी दे दी गयी है। यह समाचार भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन श्री ओ पी भट्ट के हवाले से प्रकाशित हुआ है। क्या यह सच है? क्या इन बैंकों का विलय करना सरकार की मजबूरी है या किसी दबाव के अंतर्गत है, जिसका सीधा फायदा निजी बैंकों को हो रहा है। क्या सरकार ने बैंक के मुनाफे या घाटे के अलावा बैंक के कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए भी इनके विपरीत गंभीर परिणामों का भी कोई अवलोकन किया है।

सभापति महोदया, एसबीएस के विलय के साथ उनके ग्राहकों के साथ भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, क्योंकि भारतीय स्टेट बैंक अमीरों का बैंक है जबकि स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र गरीबों का बैंक होने का प्रतीक था। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** नारन भाई जी, आप अपना लिखा हुआ भाषण मंत्री जी को दे दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

**श्री नारनभाई कछाड़िया :** सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के कृषि स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं के आम जनता तक पहुंचाने और इसके विकास में इस बैंक की प्रमुख भूमिका रही है। प्रत्येक तालुका और तहसील स्तर पर विशेष रूप से किसानों, बेरोजगारों, पेंशनभोगियों और विधवाओं तथा सरकारी वित्तीय विनिमय के लिए स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र के महत्व को कायम रखने के लिए उसे इसी नाम से और अलग अस्तित्व के रूप में बहाल कर दिया जाये। ......(व्यवधान) अधिक शाखाएं खोलने के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा और अधिक प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए दिए जा रहे ऋण और सरकारी भुगतान को और अधिक सरल, सुचारू और कारगर बनाया जा सके। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** नारन भाई, आप अपना लिखित भाषण मंत्री जी को दे दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

**श्री नारनभाई कछाड़िया:** महोदया, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र के मूल कर्मचारियों और प्रबंधन के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। उनकी सेवाएं, प्रमोशन और अन्य वित्तीय लाभांश के संदर्भ में भारतीय स्टेट बैंक का दृष्टिकोण नकारात्मक है। उनकी सेवाओं का भविष्य अनिश्चित हो गया है। भारतीय स्टेट बैंक के मूलस्वरूप के ढांचे में स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र का विलय अवचित्य नहीं रखता है। इनकी पहचान ही गरीब और ग्रामीण जनता के लिए एक आस्था का प्रतीक माना जा रहा है।

सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**सभापति महोदया :** जगदीश शर्मा जी, आपकी पार्टी का समय समाप्त हो चुका है। दो मिनट में आप केवल दो-तीन प्रश्न पूछ लें।

â€¦(व्यवधान)

**श्री जगदीश शर्मा (जहानाबाद):** महोदया, यह जो बिल आया है, उसे पास होना ही है, लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस देश के बैंक्स केन्द्र सरकार के नियंत्रण में हैं? यह बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न बन गया है। हम एमपी हैं और अपने लोक सभा क्षेत्र में जाते हैं। सरकार तीन-चार स्कीम्स चला रही है, जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और एजुकेशनल लोन। हर बैंक में चार दलाल बैठे हुए हैं। अगर वे नहीं चाहेंगे, एमपी गाली सुनता है, लेकिन उन्हें लोन नहीं मिलता। आज पूरे देश में बैंकों की यही स्थिति है खासतौर से बिहार में। हम जब वहां जाते हैं, तो लोग कहते हैं कि आप हमें एजुकेशनल लोन दिलवाइये। बैंक कहता है कि एलपीसी लाओ। शिक्षा के लोन में एलपीसी की क्या जरूरत है? इनकम सर्टिफिकेट की क्या जरूरत है? गरीब आदमी के लिए आपने यह योजना चलायी है। लेकिन मैं पूरे दावे के साथ कह सकता हूं, अगर हम शिकायत करें, आप बुरा मत मानिये, हम लोगों ने वित्त मंत्री जी को भी स्पेसीफिकली पत्र लिखा है। दो साल होने जा रहे हैं, लेकिन उस पर जांच की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हम आपसे कहना चाहते हैं कि किसानों के कर्जे माफ हुए, क्या नीति बनी? नीति यह बनी कि जिन्होंने एक किश्त दे दी, उनके लोन माफ नहीं होंगे। जिस किसान ने एक किश्त दे दी, उसका लोन माफ नहीं हुआ। सन् 86 से लेकर आज तक लाखों ऐसे किसान हैं जिनके पास माफी के कर्जे का लोन बकाया है। हम आग्रह करना चाहते हैं, आप फसल बीमा करते हैं। फसल बीमा में आप प्रीमियम काटते हैं। बिहार में तीन साल से या तो सूखा है या बाढ़ है। आज तक किसानों का फसल बीमा आपके कमर्शियल बैंक ने नहीं दिया है खास कर जहानाबाद, गया, औरंगाबाद, पटना और भोजपुर आदि इलाकों में तीन साल से सूखा है। लेकिन किसानों ने जो प्रीमियम दिया, उसका फसल बीमा उनको नहीं मिला। बैंकों की शाखाओं के बारे में रघुवंश बाबू ने ठीक कहा, मैं भी आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि एक एमपी, लोक सभा का सदस्य जानता है कि कहां बैंक की शाखा खुलनी चाहिए। इसके लिए आप एक सर्कुलर जारी कीजिए कि एमपी की अनुशंसा पर उसके क्षेत्र में बैंक की शाखा खोली जाएगी। आपके बैंक की नई शाखा का उद्घाटन होता है, लेकिन वहां के किसी एमपी को खबर नहीं दी जाती है, आपके जनरल मैनेजर वहां जाकर बैंक शाखाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। इस तरह की नई परिपाटी बन रही है। कांग्रेस संस्कृति वाली पार्टी रही है, आपके यहां ऐसा नियम नहीं था, लेकिन आपके ऑफिसर निरंकुश हो गए हैं। हम लोगों के यहां कहावत है - खुदसर राज, यानि जो कह दिया वही कानून है। आपके बैंक के अधिकारी लोकल एमपी को खबर नहीं करते हैं, शाखा का उद्घाटन कर देते हैं और अगर कभी जरूरत पड़ी तो ओपनिंग के बाद खबर करते हैं। आज हम विपक्ष में हैं, आप सरकार में हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि की इज्जत और सम्मान पक्ष-विपक्ष का मामला नहीं है, लेकिन आज आपके बैंक में जनप्रतिनिधियों का, खासकर एमपीज का कोई सम्मान नहीं है, कोई कीमत नहीं है, कोई वजूद नहीं है, उनकी बात वहां कोई नहीं सुनता है,...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** शर्मा जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए। श्री रामकिशुन जी, आप बोलिए। आप दो मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए, उसके बाद मंत्री जी जवाब देंगे।

**श्री जगदीश शर्मा :** आप जो लोन बांटते हैं, खासकर शिक्षा लोन...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** अब आप बैठ जाइए। आपकी कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

...(व्यवधान) *

**श्री जगदीश शर्मा :** आप एमपीज का सम्मान बनाए रखिए। ...(व्यवधान)

**श्री रामकिशुन :** महोदया, बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ कि देश के किसानों, नौजवानों और देशवासियों को इसका लाभ मिले। विलय हो, इसका हम समर्थन करते हैं, लेकिन बैंकों के विलय के बाद आज बैंकों की जो हालत है, चाहे वह स्टेट बैंक हो, इलाहाबाद बैंक हो या अन्य बैंक हों, एजुकेशन लोन मिलता नहीं है, अगर मिल गया, तो उस पर भारत सरकार ने जो अनुदान दिया, ब्याज माफ करने की जो बात हुई, उसको माफ नहीं किया जाता है, इससे हमारे लोन लेने वाले विद्यार्थियों पर बोझ पड़ रहा है।

दूसरे, किसान लोन लेता है ट्रैक्टर खरीदने के लिए, लेकिन बैंकों के दलालों एवं अधिकारियों ने मिलकर हमारे नाम का इंतखाब, हमारी फोटो फर्जी तरीके से लगाकर दूसरे के नाम पर ट्रैक्टर दिलवा दिया और उस लोन की वसूली उन किसानों से हुई, जिन्होंने ट्रैक्टर लिया ही नहीं। इस तरह से उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली में, मेरे संसदीय क्षेत्र में लगभग बीस किसानों ने ट्रैक्टर लिया नहीं, लेकिन कहीं से धोखाधड़ी से एजेंट ने उनका इंतखाब और फोटो क्रेडिट कार्ड बनाने के नाम पर लेकर दूसरे लोगों को ट्रैक्टर दिलवा दिया। क्रेडिट कार्ड भी नहीं बन रहा है, अगर बन रहा है, तो किसी दूसरे के नाम से बन रहा है, जिस पर फोटो और इंतखाब किसी दूसरे का लगा है। इस तरह से बैंकों में होने वाली धोखाधड़ी को रोकिए, नहीं तो राष्ट्रीयकरण का जो उद्देश्य था गरीबी दूर करने का, बेरोजगारी दूर करने का, वह पूरा नहीं होगा, बल्कि किसान बर्बाद हो जाएगा। लोन लेने वाला आदमी भी बर्बाद हो जाएगा क्योंकि फर्जी ढंग से लोन दिलाकर दलाल बैंक को लूटने का काम कर रहे हैं, गरीबों को भी लूटने का काम कर रहे हैं। इस संशोधन विधेयक का हम समर्थन करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आप बैंक खोलिए ताकि सस्ते ढंग से हमारे किसान, मजदूर वहां खाता खोलकर उसका लाभ ले सकें।

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI NAMO NARAIN MEENA): Madam, in all 13 hon. Members have participated in the discussion and I thank all of them. They have made a number of suggestions. We have noted them very carefully. I have come before the House with an amendment to the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959.

Under the State Bank of India Act, the Bank is authorised for the merger. In the State Bank of India (Subsidiary Banks), Act, 1959, the word 'Indore' is there. I have come for the approval of the House for deleting this word.

Several issues have come before me and I will try to answer them group-wise. Several hon. Members − Mandalji, Sushmaji, Mahtabji, Vijay Bahadurji, Ramasubbuji, Narayanbhai and others have asked why this merger. They wanted to know whether other banks will also be merged. Merger has a long history. There were 35 bank mergers since nationalisation of banks in 1969. Out of these, there were 25 mergers where the public sector banks have acquired the private sector banks; in two cases, the public sector banks have acquired public sector banks − Saurashtra and Indore; and there are eight instances where the private sector banks have acquired private sector banks. This is an on-going process.

Regarding role of the Government, I would like to clarify the current policy of the Government of consolidation. It is to leave the initiative for consolidation to come from the management of the banks themselves with Government playing a supportive role as the common shareholder. No directive on consolidation is being issued by the Government and the Reserve Bank of India. The boards of banks, thus, have to take a decision in this regard based on the synergy levels of merging or consolidation entities. रघुवंश प्रसाद जी ने कहा, that there is pick and choose. But this is the policy and history of the merger of banks.

Thirdly, several hon. Members have asked the justification of this merger. Shri Mange Lal Mandal, Shrimati Sushmaji, Mahtabji, etc. have raised this matter. The SBI is holding 98.05 per cent of the shareholding of the State Bank of Indore. This is not a case of privatisation or a private bank and was thus substantially owned by it.

Fourthly, the State Bank of Indore was the smallest associate bank having majority of its branches roughly 389 located in Madhya Pradesh and Chhattisgarh. Out of 470 branches, 389 were in Madhya Pradesh and Chhattisgarh. This is a localised bank, whereas the State Bank of India has a total of 13475 branches − 13323 domestic and 152 international and because of the technological advancement and core banking services, the customers of State Bank of Indore earlier will now have an access to the entire network of SBI. आज तक जो इन्दौर बैंक के कस्टमर थे, उनमें भी कोर बैंकिंग हुआ, तो वे 470 ब्रांचेज़ में ही पैसा जमा करा सकते थे, निकाल सकते थे। लेकिन आज मर्जिंग के बाद उनकी एक्सेस 13475 और ब्रांचेज़ में हो गई है।

जिसमें देश और विदेश में कोर-बैंकिंग सॉल्यूशन हो गया है और वह कहीं भी पैसा जमा करा सकते हैं। व्यापारी जब कभी खरीद-फरोख्त के लिए जाते हैं, वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का चैक ले जाते हैं क्योंकि यह बहुत बड़ा बैंक है, इससे व्यापारियों और ग्राहकों को सुविधा होगी।

एक इसमें इंट्रेस्ट की बात कही है। गवर्नमेंट देखती है that all the stakeholders, shareholders, customers and employees will benefit from the proposed acquisition. Thus acquisition will be in the overall public interest and will contribute to all round growth in business and improves efficiency in operations.

Several hon. Members like Dr. Raghuvansh Prasad Singh, Shri Arjun Ram Meghwal, Shri Ramasubbu, Shri K.S.Rao and Shrimati Sumitra Mahajan have raised issues regarding the service conditions of the employees. They were worried as to what will happen to the employees of the State Bank of Indore. Suitable clauses have been incorporated in the Acquisition of the State Bank of Indore Order, 2010 so that the pay and allowances or the compensation to the employees of merging entity are not altered to their disadvantage.

Further, the retirement benefits of the employees are protected. The officers or other employees who have retired before the effective date from the service of the Transferor Bank or opted not to join in the service of the Transferee Bank on the effective date and entitled to any benefits, rights or privileges from Transferor Bank shall be entitled to receive such benefits, rights or privileges from the Transferee Bank.

The Provident Fund or the Gratuity Fund or the Pension Fund or any other fund of Trarnsferor Bank and any other bodies created, established or constituted, as the case may be, for the officers or other employees shall continue with the Transferee Bank and any income tax or other tax exemption granted to the Provident Fund or the Gratuity Fund or Pension Fund or any other fund, if any, shall continue to be applied to the Transferee Bank. Therefore, the interests of the employees are protected and no one may worry on this count.

माननीय रघुवंश प्रसाद जी, आपने, शर्मा जी ने, मेघवाल जी ने, रामासुब्बू जी ने और बहुत सारे सांसदों ने रूरल क्षेत्र में बैंकों का एक मुद्दा बड़े जोर से उठाया था। मैं आपकी भावनाओं और चिंताओं को समझता हूं क्योंकि मैं भी ग्रामीण क्षेत्र से आता हूं। वर्ष 1971 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद, उस समय 11900 शाखाएं देश में थीं। आज हमारे देश में 86 हजार से अधिक शाखाएं काम कर रही हैं। माननीय रघुवंश प्रसाद जी से मैं इस बात में सहमत हूं कि भारत में 6 लाख गांव भी हैं और 86,000 शाखाओं में से 32,000 शाखाएं हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, बाकी सारी शाखाएं अर्बन एरियाज में हैं। यह इम्बैलेंस है, इसे ठीक किया गया है।

हमारी सरकार इसे ठीक कर रही है। छह लाख गांवों में हमने बैंकों के एक्सपेंशन की रफ्तार को तेज किया है। हर साल साढ़ चार हजार से पांच हजार बैंकों की शाखाएं हमारे बैंक खोल रहे हैं। पिछले बजट भाषण में और इस बजट भाषण में माननीय वित्त मंत्री जी ने कहा है कि एक लक्ष्य वर्ष 2001 की जनसंख्या के आधार पर रखा है कि जिन गांवों की जनसंख्या दो हजार से अधिक है और ऐसे 73 हजार गांव देश में हैं, उनमें किस तरह बैंकिंग सुविधा पहुंचाई जाए, इसके लिए टेक्नोलोजी का सहारा लिया। बिजनेस कोरसपोंडेंट नियुक्त करने का रिजर्व बैंक और भारत सरकार ने मिलकर बैंकों को यह लक्ष्य दिया है कि आप लगभग साढ़े चार-पांच हजार ब्रांचिज खोलिए, लेकिन साथ ही साथ वर्ष 2001 की जनसंख्या के अनुसार दो हजार से ज्यादा जिन गांवों की आबादी है, वहां बैंकिग कोरसपोंडेंट मार्च 2012 तक नियुक्त करें। यह प्रोसेस चल रहा है और तेज गति से काम चल रहा है। बिजनेस कोरसपोंडेंट वहां नियुक्त किए जा रहे हैं। आपके गांव का ही होगा, पेट्रोल पम्प वाला हो सकता है, किराना दुकान वाला हो सकता है, रिटायर कर्मचारी हो सकता है, एनजीओ का व्यक्ति हो सकता है। उसकी क्वालीफिकेशन देखी जाएगी, उसे ट्रेंड किया जाएगा। वह अपने पास छोटी मशीन रखेगा, जिसमें बैंक की और संबंधित व्यक्ति के एकाउंट की सारी डिटेल होगी। अगर कोई बैंक में पैसे डलवाना चाहेगा या निकलवाना चाहेगा, तो बिजनेस कोरसपोंडेंट उसकी वहीं मदद करेगा। मशीन में भी उसकी एंट्री हो जाएगी और मेन ब्रांच में भी उसकी एंट्री हो जाएगी, ताकि हर छोटे काम के लिए पैसा डालने या निकलवाने के लिए ब्रांच में बार-बार न जाना पड़े। बिजनेस कोरसपोंडेंट लोगों को भारत सरकार की या राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की भी जानकारी देगा और लोन लेने संबंधी जानकारी भी देगा।

बैंकों को जहां तक खोलने का सवाल है, रिजर्व बैंक आफ इंडिया इसे देखता है। जिस बैंक को अपनी शाखा खोलनी होती है, तो उसे रिजर्व बैंक से लाइसेंस लेना पड़ता है। रिजर्व बैंक की गाइड लाइन्स हैं। वह कमर्शियली वायबिलिटी देखता है कि आप कहां शाखा खोल रहे हैं? रिजर्व बैंक ने पालिसी में चेंज किया कि ज्यादा एक्सपेंशन हो, जैसा आपने कहा कि रूरल एरियाज़ में ज्यादा शाखाएं नहीं खुल रही हैं। वहां कमर्शियल वायबिलिटी हर बार काम नहीं कर पाती है। तब रिजर्व बैंक और सरकार ने यह निर्णय लिया कि वन इज टू वन कर दो। 50,000 से ऊपर की संख्या के कस्बे और शहर को शहरी क्षेत्र दे दो, उनके लिए लाइसेंस की कंडीशन रहेगी, लाइसेंस मांगेगे अगर रिजर्व बैंक सेटिसफाई होगा तो शाखा का लाइसेंस देगा। अगर 50,000 से नीचे चाहे 49,999 की संख्या है तो हर बैंक स्वयं सर्वे करेगा कि क्या करेंगे या क्या नहीं करेंगे, वहां बैंक शाखा स्थापित कर देगा, रिजर्व बैंक से लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी। रिजर्व बैंक ने छूट दे दी कि आप रूरल एरिया में शाखा खोल दीजिए और हमें सिर्फ इन्फार्म कर दीजिए। आप देखिए रिजर्व बैंक और सरकार दोनों चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा रूरल एरियाज़ में बैंकिंग की व्यवस्था करें। नार्थ ईस्ट के लिए एक्सेप्शन जरूर किया है कि अगर 50,000 संख्या से अधिक कस्बे या शहर में कोई बैंक शाखा खोलना चाहता है तो उसके लिए रिजर्व बैंक द्वारा लाइसेंस की जरूरत नहीं है। हम ज्यादा से ज्यादा एक्सपेंशन कर रहे हैं। इन्कलूजिव ग्रोथ में सरकार का मुख्य एजेंडा है, इसमें फाइनेंशियल इन्कलूजन भी शामिल है।

आपने वित्तीय समावेश का जिक्र किया है। फाइनेंशियल इन्कलूजन का एक अभियान लांच किया है, जिसका नाम स्वाभिमान रखा गया है। पिछली 10 तारीख को यूपीए की चेयरपर्सन माननीय सोनिया जी ने इसे विज्ञान भवन से लांच किया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए। दूर खंड़े आदमी का बैंक में खाता होना चाहिए। हर आदमी को स्वाभिमान होना चाहिए कि मेरा बैंक में खाता है। सरकार का यह प्रयास है कि देश में सब हाउसहोल्ड के खाते खोले जाएं। आप देखेंगे कि पिछले छः-सात सालों में सैलुलर फोन का कितना चलन हो गया है, 120 करोड़ की जनसंख्या में 80 करोड़ सैलुलर फोन हो गए। एक सदस्य ने बात रेज की और मैं सहमत हूं कि बैंक की शाखाएं कम हैं, लोगों के खाते नहीं हैं। लगभग 40 परसेंट जनसंख्या ही बैंकों से जुड़ी है बाकी 60 परसेंट एक्सक्लूडिड है। आंकड़े ऊपर नीचे हो सकते हैं, एक्जेक्ट नहीं है लेकिन साइजेबल पापुलेशन रफली 50 परसेंट बैंकिंग नेटवर्क से नहीं जुड़ी है। स्वाभिमान अभियान लांच किया गया है और इसका प्रयास है कि सारे देश को बैंकिंग से जोड़ा जाए। राव साहब और कई सदस्यों ने ऋण की बात कही कि ज्यादा से ज्यादा ऋण दिए जाएं, कम ब्याज पर दिए जाएं। आप स्वयं सक्सेसिव बजट में देख रहे हैं कि वर्ष 2003-04 में किसानों को मात्र 86,000 करोड़ रुपए लैंडिंग थी। आज मौजूदा बजट में 4,75,000 करोड़ रुपए का प्रावधान वित्त मंत्री जी ने रखा है। यह कितना गुना ज्यादा है। बैंक किसानों को 7 परसेंट पर लैंडिंग करते हैं। भारत सरकार ने लगातार छूट छोड़ते हुए 3 परसेंट का सबवेंशन दिया है, इस बार भी एक का दिया है। इस तरह से किसान पर इफेक्टिव रेट चार परसेंट रह गया है।

अगर वे समय पर उसका भुगतान करते रहें, केसीसी में यह तीन लाख रुपये तक है। केसीसी के बारे में भी कई माननीय सदस्यों ने ऋणों के वितरण पर कई सवाल उठाये हैं। हमने उन्हें ध्यान से सुना है और नोट भी किया है। लेकिन केसीसी में हमारा प्रयास है कि हर हाउसहोल्ड के पास केसीसी हो। रिजर्व बैंक के भी यह आदेश हैं और भारत सरकार के भी यही आदेश हैं। केसीसी दिये जा रहे हैं और इस साल एक लाख करोड़ रुपये बढ़ाये हैं तो इस साल केसीसी और ज्यादा दिये जायेंगे और लगभग 14-15 करोड़ हाउसहोल्ड देश के रुरल एरियाज में होंगे। मैं रूरल एरियाज के एग्रीकल्चर हाउसहोल्ड की बात कर रहा हूं। उन सबके पास यह होना चाहिए। बीपीएल परिवारों को, सैल्फ हैल्प ग्रुप्स को, राव साहब नहीं हैं, उन्होंने काफी अच्छे सुझाव दिये हैं। सैल्फ हैल्प ग्रुप्स का साउथ में बहुत अच्छा काम हो रहा है और अन्य सभी राज्यों में भी होने लगा है। बीपीएल परिवारों को इस स्कीम के तहत चार परसैन्ट पर हमारे बैंक्स लोन दे रहे हैं। प्रायोरिटी सैक्टर में 40 परसैन्ट जो हमारा आउटस्टैंडिंग लोन है, उसका 40 परसैन्ट प्रायोरिटी सैक्टर में और 18 परसैन्ट किसानों को लोन दे रहे हैं। दस परसैन्ट वीकर सैक्शंस एससी, एसटी, माइनोरिटीज, बीपीएल परिवार, सैल्फ हैल्प ग्रुप्स और हमारे बाकी हमारे छोटे एस.एम.ईज. को दिया जा रहा है।

इनके अलावा बैंकों के बारे और भी सुझाव दिये गये हैं, सोशल कारपोरेट रिस्पांसिबिलिटीज के बारे में, इंदौर बैंक के बारे में और सौराष्ट्र बैंक के बारे में भी सुझाव दिये गये हैं। हम यह मानते हैं कि बैंकों को एक भूमिका निभानी चाहिए। जो उस क्षेत्र में रहते हैं, वहां के लोगों को समय पर आयोजन करने, उनमें पार्टिसिपेट करने और उनकी छोटी-मोटी दिक्कतों को दूर करने के लिए प्रयास करना चाहिए और कर भी रहे हैं। हमारे बैंक्स काफी विलेजिज को एडाप्ट करते हैं, आपने देखा होगा कि हमारे बैंकों के जब कार्यक्रम आते हैं कि फलां बैंक ने इतने विलेजिज को एडाप्ट किया और फलां बैंक ने इतने विलेजिज को एडाप्ट किया। हमारे बैंकों एक सोशल कारपोरेट रिस्पांसिबिलिटी के तहत अपने दायित्व का निर्वहन करते रहते हैं और आगे भी करते रहेंगे।

महोदया, हमारे माननीय सदस्यों के जो मोटे-मोटे सवाल थे, उन्हें मैंने एक ग्रुप में करके एक साथ जवाब देने की कोशिश की है। इसके अलावा बहुत से माइनर प्वाइंट्स हैं, जो मैंने और मेरे अधिकारियों ने नोट किये हैं। हम उन्हें जरूर देखेंगे, कुछ स्पेसिफिक इंस्टांसेज आपने ट्रैक्टर्स की बताई हैं कि लोन किसी के नाम का और ट्रैक्टर किसी और के नाम पर है। मैं चाहूंगा कि माननीय सदस्य यदि इस तरह की कोई हमारे पास स्पेसिफिक सूचना भेजें तो मैं उनकी जांच कराऊंगा। ...(व्यवधान)

**श्री रामकिशुन :** हमारे जनपद चंदौली में ऐसे दर्जनों केसिज हैं। वहां बड़े पैमाने पर किसानों के ट्रैक्टर्स दूसरे के नाम से और लोन दूसरे के नाम दलालों द्वारा दिलाये जा रहे हैं।...(व्यवधान) वहां ऐसा एक बैंक के द्वारा नहीं बल्कि कई बैंकों के द्वारा किया जा रहा है।...(व्यवधान)

**श्री नमोनारायन मीणा :** माननीय सदस्यों से मेरा आग्रह है कि अगर मेरे पास कुछ स्पेसिफिक मामला आ जाता है तो मैं उसकी जांच भी कराऊंगा और आपको सूचित भी करूंगा।

**श्री रामकिशुन :** वहां एक केस नहीं है, दर्जनों ऐसे केसिज हैं।

**सभापति महोदया :** मंत्री जी ने जांच करने के लिए कह दिया है। आप सभी लोग उनसे मदद लें।...(व्यवधान)

**श्री रामकिशुन :** मंत्री जी, यह हम आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं कि हमारे उत्तर प्रदेश के चंदौली जनपद में दलालों द्वारा बैंकों में ऐसा किया जा रहा है।

**श्री नमोनारायन मीणा :** आप मेरे पास शिकायत भिजवाइये, मैं उसकी जांच कराऊंगा। We have noted all your suggestions and inputs. I have tried to answer them.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** जैसे मंत्री जी ने कहा कि नार्थ ईस्ट में पचास हजार से ऊपर के जो कस्बे हैं, उन पर रिजर्व बैंक का लाइसेंस लेने की जो प्रक्रिया है, उसमें हम छूट करके बैंकों को ही देंगे कि वे स्वयं सर्वे कर लें।

महोदया, मैं रेगिस्तान से आता हूं। हमारे दूसरे साथी श्री हरि चौधरी और दूसरे माननीय सदस्य यहां बैठे हैं,

**18.00 hrs.**

वे सब लोग रेगिस्तान से आते हैं जहां बैंकों की शाखायें दूर-दूर हैं। माननीय मंत्री जी, आप भी राजस्थान से आते हैं। जैसे नार्थ ईस्ट स्टेट्स में...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** यदि सदन की अनुमति हो तो सदन की कार्यवाही विशेष उल्लेखों की सूची समाप्त होने तक बढ़ा दी जाये।

**कई माननीय सदस्य :** जी, ठीक है।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** सभापति महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो सुविधा नार्थ ईस्ट स्टेट्स में दी है, वह राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों को देंगे?

**श्री नमोनारायन मीणा:** मैंने आप लोगों के सुझाव सुन लिये हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप स्पेसिफिक मामले मेरे पास भेजें, उनका मैं परीक्षण कराऊंगा और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पास आपके सुझाव भेजूंगा।

With these words, I would commend that the State Bank of India (Subsidiary Banks) Amendment Bill, 2010 may be considered and passed by this august House.

MADAM CHAIRMAN : The question is:

> "That the Bill further to amend the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

MADAM CHAIRMAN: The House will now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 and 3 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 and 3 were added to the Bill.*

**Clause 1 Short title and commencement**

*Amendment made:*

Page 1, line 2 and 3,--

*for* "the State Bank of India (Subsidiary Banks) Amendment

Act, 2010"

*substitute* "the State Bank of India (Subsidiary Banks) Amendment

Act, 2011". (2)

(Shri Namo Narain Meena)

MADAM CHAIRMAN: The question is:

"That Clause 1, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 1, as amended, was added to the Bill.*

**ENACTING FORMULA**

*Amendment made:*

Page 1, line 1,--

*for* "Sixty-first"

*substitute* "Sixty-second". (1)

(Shri Namo Narain Meena)

MADAM CHAIRMAN: The question is:

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.*

*The Title was added to the Bill.*

SHRI NAMO NARAIN MEENA: Madam, I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed."

MADAM CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill, as amended, be passed."

*The motion was adopted.*

MADAM CHAIRMAN : Now we take up 'Zero Hour' submission.